एफ.सं. S-S.13/6/2025-भर्ती
दिनांक 4 नवंबर, **2026**

भारत सरकार
कर्मचारी चयन आयोग (पूर्बी क्षेत्र)
कार्मिक लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
निजाम पैलेस, प्रथम एमएसओ भवन (8वां तल)
4/234, एजेसी बोस रोड, कोलकाता -700020

Government of India
Staff Selection Commission (ER)
Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions, Nizam Palace, 1st M.S.O. Building (8th Floor), 234/4, A.J.C. Bose Road, Kolkata – 700020

सूचना

विषय: **उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के गुणवत्ता नियंत्रण प्रकोष्ठ में तकनीकी अधिकारी (भंडारण एवं अनुसंधान), वेतन स्तर-06, समूह-'बी' (अराजपत्रित) के कुल 02 रिक्तियां (01-अनारक्षित, 01-अन्य पिछड़ा वर्ग) रिक्त पदों की भर्ती - विज्ञापन संख्या** Phase-XIII/2025/ Selection Posts **के पोस्ट श्रेणी संख्या** ER10525 **द्वारा विज्ञापित संबंध में।**

उपर्युक्त भर्ती का परिणाम आयोग की प्रक्रिया के अनुसरण में एतद्द्वारा संसूचित किया जाता है। दिनांक 24.07.2025 से 02.08.2025 तथा 29.08.2025 को आयोजित सीबीएम (CBM) परीक्षा के 200 अंकों में से चयनित अभ्यर्थियों का विवरण तथा उनके अंक नीचे पैरा 8 में प्रदान किए गए हैं।

2. अंतिम चयन सूची 24.07.2025 से 02.08.2025 तथा 29.08.2025 को आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBM) के प्रदर्शन के आधार पर बनाई गई है।

3. जिन उम्मीदवारों ने दस्तावेज़ सत्यापन में भाग नहीं लिया या भर्ती के विज्ञापन में दिए गए सभी मानदंडों को पूरा नहीं किया, उनके CBM परीक्षा के प्राप्तांकों का मूल्यांकन नहीं किया गया है।

4. आयोग ने CBM परीक्षा के योग्य उम्मीदवारों से पदों की विशेष श्रेणी की रिक्तियों के अनुसार निम्नलिखित अनुपात में ऑनलाइन आवेदनों की हार्ड कॉपी तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं दस्तावेज़ भेजने का अनुरोध किया है:

i) किसी भी श्रेणी के पदों के लिए 5 तक रिक्तियों के मामले में 1:30 का अनुपात।
ii) किसी भी श्रेणी के पदों के लिए 5 से अधिक रिक्तियों के मामले में 1:15 का अनुपात (जिसमें न्यूनतम 150 उम्मीदवार होंगे; यह उपयुक्त उम्मीदवारों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा)।

5. विज्ञापन नोटिस के अनुसार, एक विशिष्ट पद के लिए संवीक्षा चरण में पात्र पाए गए सभी योग्य उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए आमंत्रित किया गया था।

6. कंप्यूटर आधारित परीक्षा में उम्मीदवारों के अंक बराबर रहने की दशा में, टाई को हल करने के लिए निम्नलिखित नियमों को क्रमानुसार तब तक लागू किया गया जब तक टाई समाप्त नहीं हो गई:

i) कंप्यूटर आधारित परीक्षा में कुल अंक।
ii) कंप्यूटर आधारित परीक्षा के भाग-A में अंक।
iii) कंप्यूटर आधारित परीक्षा के भाग-B में अंक।
iv) जन्म तिथि (अधिक उम्र वाले उम्मीदवारों को ऊपर रखा जाएगा)।
v) नामों का वर्णानुक्रम (पहले नाम से शुरू करते हुए)।

7. उम्मीदवार (ओं) की उम्मीदवारी अनंतिम है।

8. चयनित उम्मीदवारों का विवरण निम्नानुसार है :

Sl. No.	Reg. No.	Roll No.	Name of Candidate	DOB	Gender	Category	Category against which selected	Marks in CBE	% Error in Skill Test (if any)	Select List Rank
1	10006620610	4207302916	SHANTANU MAJI	29-05-1999	MALE	UR	UR-01	144.92559		Select List-01
2	10012986676	8008301417	VELAMALA LIKHITH KUMAR	11-05-2002	MALE	OBC	OBC-02	141.74766		Select List-02

9. चरण-XIII/2025/सिलेक्शन पोस्ट्स के विज्ञापन के अंतर्गत 24.07.2025 से 02.08.2025 और 29.08.2025 को आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा के सभी अभ्यर्थियों के स्कोरकार्ड, संपूर्ण परिणाम घोषित होने के पश्चात ही आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.ssc.gov.in पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

आदेश से
क्षेत्रीय निदेशक
कर्मचारी चयन आयोग (पूर्वी क्षेत्र)

एफ.सं. S-S.13/6/2025-भर्ती

दिनांक 4 नवंबर, 2026

जानकारी और ज़रूरी कार्रवाई के लिए कॉपी:

1. श्री प्रदीप कुमार चौधरी, अवर सचिव (S&R/प्रशासन), गुणवत्ता नियंत्रण सेल, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, कमरा नंबर 290, कृषि भवन, नई दिल्ली-110001, ईमेल: use3fpd@nic.in
2. अवर सचिव (सी-4), कर्मचारी चयन आयोग, ब्लॉक नंबर 12, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली- 110003 पत्र संख्या HQ-RHQS03/21/2026/सी-4 दिनांक 03.11.2026 के संदर्भ में ।
3. अवर सचिव (आर एंड ए), कर्मचारी चयन आयोग, ब्लॉक नंबर 12, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110 003

राजू
04/11/26

उप निदेशक
कर्मचारी चयन आयोग (पूर्वी क्षेत्र)

राजू चौधुरी / RAJU CHOWDHURY
उप निदेशक / Deputy Director
भारत सरकार / Government of India
कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग / DOPT
कर्मचारी चयन आयोग (पू.क्षे.) / Staff Selection Commission (ER)
कोलकाता / Kolkata